**Regarding insurance premium of farmers**

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** सभापति महोदया, राजस्थान के अंदर भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चल रही है । इस योजना के वर्ष 2023-24 की रबी फसल और वर्ष 2023 के खरीफ फसल के प्रीमियम के इश्यू पर मैं बोलना चाहता हूं ।

महोदया, वर्ष 2023-24 के रबी फसल का जो प्रीमियम है, उसे राजस्थान की स्टेट गवर्नमेंट ने आज तक जमा नहीं करवाया । राजस्थान के चुरू जिले में किसानों का 400 करोड़ रुपये का क्लेम बनता है । इस पैसे को जमा नहीं करने के कारण, आज एक साल से ऊपर हो चुका है, किसानों को उनका क्लेम नहीं मिल रहा है ।

महोदया, वर्ष 2023 खरीफ फसल के अंदर भी आज तक किसानों की आठ सौ पटवार मंडलों की शिकायत स्टेट गवर्नमेंट के पास पेंडिंग पड़ी हुई है । डबल इंजन के नाम पर सरकार ने वोट मांगे, लेकिन आज तक राजस्थान का एक इंजन बंद पड़ा है । किसानों की एक-एक साल तक प्रीमियम की राशि स्टेट गवर्नमेंट जमा नहीं करवा रही है । हमारे किसानों को कैसे क्लेम मिलेगा?

महोदया, मेरा आपसे अनुरोध है कि सरकार जल्द से जल्द किसानों को क्लेम दिलाए । सरकार विद ब्याज क्लेम दिलाने का काम करे । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**13.56 hrs**